हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 19 जुलाई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

4
सड़क पर कब्जा करने वालों पर निगम की सख्ती, 14 पर कार्रवाई



## खबर संक्षेप

### जिले में 6 और प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित करने की स्वीकृति

**जशपुरनगर।** परिवहन मुख्यालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के निर्देशानुसार जिले में अधिकाधिक प्रदूषण जांच पीयूसी केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ के द्वारा जिले में कुल 10 प्रदूषण जांच केन्द्र खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में जिले में वाहनों के प्रदूषण जांच के लिए 4 केन्द्र स्थापित हैं। आमजनों की सुविधा के लिए जिले के ऑयल रिटेल आउटलेट्स यानी पेट्रोल पम्प, वाहन विक्रेताओं, परिवहन सुविधा केन्द्रों एवं इच्छुक व्यक्तियों को प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। परिवहन मुख्यालय के निर्देशानुसार पेट्रोल पम्पों पर स्थापित होने वाले केन्द्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक आवेदक आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन हेतु कार्यालय, जिला परिवहन अधिकारी, जशपुर से कार्यालयीन दिवस एवं समय में संपर्क कर सकते हैं।

### सन्ना तहसील में सर्वाधिक 24.1 मिमी वर्षा दर्ज

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से 18 जुलाई 2026 तक 2672.9 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 18 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 3636.6 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 103.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैः तहसील जशपुर में 280.8 मिमी, मनोरा में 410.5 मिमी, कुनकुरी में 332.7 मिमी, दुलदुला में 235.3 मिमी, फरसाबहार में 156.1 मिमी, बगीचा में 195.5 मिमी, कांसाबेल में 252.3 मिमी, पत्थलगांव में 257.9 मिमी, सन्ना में 381.1 मिमी एवं बागबहार में 170.7 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 410.5 मिमी दर्ज की गई है। 18 जुलाई को सर्वाधिक सन्ना तहसील में 24.1 मिमी वर्षा हुई।

### आपसी समझौते से 31.60 लाख से अधिक राशि के मामलों का समाधान

**जशपुरनग।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार शनिवार को जिला एवं तालुका स्तर पर परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) की धारा 138 के अंतर्गत चेक अनादरण (चेक बाउंस) से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु आज स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित चेक बाउंस के प्रकरणों का संबंधित पक्षकारों एवं उनके अधिवक्ताओं की उपस्थिति में आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निराकरण करने का प्रयास किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता बघेल ने बताया कि स्पेशल लोक अदालत में चेक अनादरण से संबंधित 110 लंबित प्रकरण तथा 139 प्री-लिटिगेशन प्रकरण सहित कुल 249 प्रकरण रखे गए। इनमें से 17 लंबित एवं 12 प्री-लिटिगेशन सहित कुल 29 प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।

## कलेक्टर ने स्टेट लेवल कैंप में शामिल 7 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों का आगे आना आवश्यकः व्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने शनिवार को विद्यार्थी विज्ञान मंथन स्टेट लेवल कैंप रायपुर में शामिल हुए 7 विद्यार्थियों को कलेक्ट्रेट में सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के विद्यार्थी विज्ञान और गणित विषय में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

■ विज्ञान भारती के प्रांतीय महासचिव डॉ वारा प्रसाद कोला भी रहे उपस्थित

उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों का आगे आना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से रटकर पढ़ाई करने के बजाय प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को समझने की बात कही । विषयों के अध्ययन में अवधारणात्मक स्पष्टता भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालयों की प्रयोगशालाएं बहुत अच्छी हैं, उनमें उपलब्ध उपकरणों का भरपूर उपयोग करते हुए आप अध्ययन करें। कलेक्टर श्री व्यास ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए विज्ञान भारती के प्रयासों की भी सराहना करते हुए संस्था का आभार व्यक्त किया।



विज्ञान भारती के प्रांतीय महासचिव डॉ वारा प्रसाद कोला ने कहा कि जशपुर जिले में विगत वर्ष 4000 से अधिक विद्यार्थियों ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन की परीक्षा दी थी। इस वर्ष भी हम सृजन और नवाचार की भावना को प्रेरित करने के लिए अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक इसका लाभ पहुंचाना चाहेंगे। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंन्हा, विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य समन्वयक गौरव वर्मा उपस्थित रहे। जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया उनमें सेजेस कुनकुरी से अर्पित शर्मा, सेजेस कोतबा से रोहन साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ढोढीडांड से कु.मोनिका बाई, कु. सोनिका बाई, सेजेस पतराटोली से निशा कुजूर, आयुषी पन्ना रहे हैं। ये सभी विद्यार्थी विगत नवंबर 2025 में जिला स्तर पर आयोजित लेवल 1 और लेवल 2 की परीक्षा में पूरे प्रदेश के टॉप-25 विद्यार्थियों में चयनित हुए थे। कक्षा छठवीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षाएं आयोजित की गई थी। पूरे प्रदेश में दस हजार से अधिक बच्चों ने यह परीक्षा दी थी। जिसमें प्रत्येक कक्षा से 25 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। कार्यक्रम में वीवीएम के जशपुर जिला समन्वयक विवेक पाठक, एडीपीओ विनय सिन्हा, यशस्वी जशपुर के अवनीश पांडेय, एबीईओ टुमनू गोसाई, शिक्षिका मीनाक्षी श्रीवास्तव, जेन सेलेस्टिन तिर्की सहित सभी विद्यार्थियों के अभिभावक सम्मिलित रहे।

# कटहल की खुशबू से पेड़ पर चढ़ा भालू, तार के फंदे में फंसा

**जशपुरनगर।** जिले के मनोरा वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गजमा गांव में एक जंगली भालू कटहल की खुशबू से आकर्षित होकर पेड़ पर चढ़ गया, लेकिन पेड़ पर लगाए गए तार के फंदे में फंस गया। भालू के फंसे होने की सूचना मिलते ही वन विभाग और जीएनडब्ल्यूएस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रेस्क्यू टीम ने स्थिति का आकलन करने के बाद सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए भालू को बेहोश किया। इसके बाद घंटों की मशक्कत के बाद उसे पेड़ की टहनी और तार के फंदे से सुरक्षित बाहर निकाला गया। भालू का मौके पर ही स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उसकी स्थिति सामान्य पाए जाने के बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए थे। हालांकि वन विभाग



की टीम ने भीड़ को सुरक्षित दूरी पर रखते हुए पूरे अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

### वन विभाग ने की लोगों से अपील

वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वन्यजीव दिखाई देने पर उनके पास जाने या उन्हें घेरने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल विभाग को सूचना दें, ताकि सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया जा सके।

# संत जेवियर्स स्कूल में छात्र नेतृत्व को मिली नई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

संत जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, शांति भवन में शनिवार को छात्र नेतृत्व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अमृतलाल टोप्पो (भूतपूर्व प्रोविंशियल, मध्यप्रदेश प्रोविंश) तथा विशिष्ट अतिथि क्रिस्टी कुजूर थे। इस अवसर पर हिंदी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य जोन क्रूश लकड़ा, विद्यालय के शाला प्रबंधक फुलजेंस एक्का, अंग्रेजी माध्यम के प्राचार्य अजय केरकेट्टा, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

■ शपथ लेकर किया कर्तव्य निभाने का संकल्प



मुख्य अतिथि अमृतलाल टोप्पो ने विद्यालय ध्वज के समक्ष छात्र संघ के सदस्यों को शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों से कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ नेतृत्व करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि फादर क्रिस्टी कुजूर ने विद्यालय में नेतृत्व विकास की इस पहल की सराहना करते हुए नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9वीं की छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समारोह का समापन विद्यालय बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन तथा ₹भारत माता की जय₹ के उद्घोष के साथ हुआ।

### जिले में जन्म-मृत्यु पंजीयन के लिए अब आधार ऐप मान्य

**जशपुरनगर।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई, नई दिल्ली द्वारा नागरिकों की सुविधा और डेटा गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए नए आधार ऐप को लॉन्च किया गया है। यह ऐप एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, जशपुर द्वारा जारी पत्र के अनुसार यूआईडीएआई के परिपत्र 30 अप्रैल 2026 के अनुसार नए आधार ऐप में नागरिकों को अपने पहचान विवरण की गोपनीयता बनाए रखने की सुविधा मिलेगी। इस ऐप के माध्यम से अब नागरिक अपना 12 अंकों का आधार नंबर साझा किए बिना भी अपनी पहचान सत्यापित कर सकेंगे।

# देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ आदतन बदमाश गिरफ्तार

**पत्थलगांव।** स्थानीय पुलिस ने अवैध हथियार लेकर क्षेत्र में दहशत फैलाने की मंशा से घूम रहे एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान मुकेश सिंह सिदार निवासी ढोढ़ीटिकरा के रूप में हुई है। टीआई विनित पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना मिला कि आरोपी कमर में देसी कट्टा व जिंदा कारतूस लेकर घूम रहा है। जिस पर टीम ने मौके ओर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया।



प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी क्षेत्र में लोगों के बीच खौफ फैलाने के उद्देश्य से हथियार लेकर घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पत्थलगांव थाना क्षेत्र के चिडरापारा में की गई।

# मुख्यमंत्री ने कांसाबेल सीएचसी के लिए एम्बुलेंस का किया लोकार्पण



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को बंदरचुवां में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय द्वारा जनहित में प्रदत्त एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण किया। यह एम्बुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांसाबेल में तैनात रहेगी और क्षेत्र के मरीजों को समय पर आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय को जनहित में एम्बुलेंस प्रदत्त करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज और जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए इस प्रकार की पहल अनुकरणीय है। उन्होंने श्री सालिक साय के जनसेवा के प्रति समर्पण और समाजहित में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं आमजन मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने बताया कि एम्बुलेंस का रखरखाव, चालक का मानदेय तथा ईंधन सहित इसके संचालन का संपूर्ण व्यय उनके द्वारा वहन किया जाएगा।

# नशा मुक्ति केंद्र में ईएलपी का आयोजन



**जशपुरनगर।** मेरा युवा भारत द्वारा जिला प्रशासन के समाज कल्याण विभाग के समन्वय तथा ग्राम विकास समिति द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र, जशपुरनगर में 13 से 17 जुलाई तक एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम (का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति केंद्र में उपचाररत व्यक्तियों से संवाद कर उनके जीवन अनुभवों को जाना। उन्होंने समझा कि किन परिस्थितियों और कारणों से लोग नशे की ओर आकर्षित होते हैं, नशा छोड़ने की प्रक्रिया में उन्हें किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा इस दौरान परिवार और समाज का सहयोग कितना महत्वपूर्ण होता है।

### अधिक से अधिक छात्रों को नवोदय चयन परीक्षा से जोड़ने की पहल

**जशपुरनगर।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) ने कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिक से अधिक विद्यार्थियों के पंजीकरण सुनिश्चित कराने के लिए जिला प्रशासन से सहयोग का अनुरोध किया है। नवोदय विद्यालय समिति के आयुक्त राजेश लखानी ने कलेक्टर रोहित व्यास को भेजे पत्र में जिले में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय के सफल संचालन में प्रशासन द्वारा दिए जा रहे निरंतर सहयोग और संरक्षण के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में विद्यालय अपने उद्देश्यों की दिशा में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के माध्यम से होता है।






# ओएमजी 2 का आइडिया मेरा था क्रेडिट तक नहीं दिया गया : परेश



**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल ने अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने दावा किया कि 'ओएमजी 2' की कहानी असल में एक आइडिया के तौर पर शुरू हुई थी, जिसे उन्होंने डायरेक्टर अमित राय के साथ मिलकर डेवलप किया था। बाद में उन्हें ही इस कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट नहीं दिया गया। एक्टर ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद कहानी में काफी बदलाव किए गए, जिसकी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि उनकी ओरिजिनल कहानी पिता-बेटे के रिश्ते पर आधारित एक ड्रामा थी, जिसमें यौन शिक्षा, लोगों के बीच बेइज्जती और न्याय के लिए माता-पिता की लड़ाई जैसे मुद्दे शामिल थे।

## लाइफ Style

# कृति
## सनकी लड़की का रोल करना चाहती हूं



कृति सेनन का कहना है कि अब वे लीक से हटकर किरदारों के जरिए खुद को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने माना कि वे जाने-पहचाने किरदारों से आगे बढ़ना चाहती हैं और उन्हें खास तौर पर साइकोलॉजिकली इंटेंस किरदार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्दे पर 'साइको चिक' का रोल निभाना पसंद करेंगी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


कृति सेनन ने हाल ही में एक बातचीत में उस तरह के किरदारों के बारे में बात की, जिन्हें वे भविष्य में आजमाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल ड्रामा 'ऑब्सेशन' देखने के बाद उन्हें स्क्रिप्ट चुनने के अपने तरीके पर फिर से सोचने की प्रेरणा मिली। फिल्म के असर के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा, 'जब मैंने 'ऑब्सेशन' देखी, तो मुझे लगा, 'अरे बाप रे, हमें सेफ खेलने की आदत छोड़नी होगी। हमें कुछ हटकर करना होगा'। इसने मुझे सच में बहुत उत्साहित किया। कृति सेनन एक 'साइको' लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जेंडाया जैसे स्टार्स को भी इसका क्रेडिट दिया, जिन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस मुश्किल किरदारों को निभा पाने की हिम्मत से प्रेरित किया है। कृति ने रियल पर्सनैलिटी से बिल्कुल हटकर किरदार निभाने की ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, 'मैं एक सनकी किरदार निभाना चाहती हूं'। कृति सेनन ने कहा, 'मैं किरदारों को लेकर सेफ साइड में नहीं चलना चाहती। एक अभिनेत्री के रूप में, ऐसा जीवन जीना बहुत रोमांचक है, जो आपके जीवन से बिल्कुल अलग है और उस व्यक्ति का पता लगाना जो आप नहीं हैं। मैं पूरी तरह से किसी मानसिक रोगी का किरदार निभाना पसंद करूंगी'। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें 'कॉकटेल 2' में देखा गया।

## हॉलीवुड मसाला

# बड़े शहरों में द ओडिसी के टिकट काफी महंगे



**नई दिल्ली।** क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। टिकट की कीमतें चौंकाने वाली हैं। पुणे के आईएनओएक्स मेगाप्लेक्स में रिक्लाइनर सीट की कीमत 3,400 है। मुंबई के लोअर परेल स्थित पीवीआर आइकान, फीनिक्स पैलेडियम में यही सीट 3,100 में मिल रही है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के पीवीआर आईमैक्स (प्रिया) में टिकट 2,500 तक पहुंच गए हैं। बेंगलुरु में सिनेपोलिस नेक्सस शांतिनिकेतन में एक टिकट 1,950 का है, जबकि आईएनओएक्स साउथ सिटी मॉल में टिकट 1,240 तक मिल रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है और एडवांस बुकिंग भी तेजी से हो रही है।



# सिनेमा में आने से पहले करता था कारपेंटर का काम

**नई दिल्ली।** ऐसे कई एक्टर हुए, जिन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों में छोटे- मोटे काम किए और फिर सिनेमा के बड़े स्टार बने. उनके टैलेंट को पूरी दुनिया ने सराहा। आज हम ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं। वो एक्टर हैं हैरिसन फोर्ड। 1960 के दशक के आखिर में संघर्ष कर रहे हैरिसन फोर्ड ने अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए लाइब्रेरी की किताबों को पढ़ कर कारपेंटरी (बढ़ई का काम) सीखी और वह हॉलीवुड सेलेब्स के बीच पसंदीदा कारीगर बन गए। 1975 में जब वह उस ऑफिस में दरवाजा लगा रहे थे, जहां जॉर् 'स्टार वॉर्स' के लिए ऑडिशन ले रहे थे। तब फोर्ड से ऑडिशन देने वाले एक्टर्स के साथ डायलॉग पढ़ने के लिए कहा गया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें 'हान सोलो' के रोल के लिए चुना गया। फोर्ड 1960 के दशक में हॉलीवुड आए और कोलंबिया पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। उन्हें सिर्फ छोटे-मोटे और असंतोषजनक रोल मिले, जिनसे मुश्किल से ही गुजारा हो पाता था।

# हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते



**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने दोनों इंडस्ट्रीज में काम करने के माहौल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें लगता है कि टॉलीवुड में लोग एक बड़े परिवार की तरह काम करते हैं, जबकि बॉलीवुड में माहौल अलग होता है। रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि तेलुगु इंडस्ट्री ने हमेशा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है और सपोर्ट किया है। रकुल के मुताबिक, वहां के एक्टर्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे खुशी-खुशी एक-दूसरे के ट्रेलर को प्रमोट करते हैं। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें अक्सर लोगों में असुरक्षा की भावना महसूस होती है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कई लोग खुलकर दूसरों की फिल्मों को सपोर्ट नहीं करते हैं।

# 4000 करोड़ की रामायण में भगवान शिव बनेगा ये एक्टर



**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की 'रामायण' में भगवान शिव के किरदार के लिए मोहित रैना का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि, फिल्म के मेकर्स की ओर से अभी तक इस कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया और फिल्मी गलियारों में लगातार यही दावा किया जा रहा है कि मेकर्स इस अहम भूमिका के लिए मोहित रैना को लेकर काफी उत्साहित हैं। मोहित रैना ने टीवी के पॉपुलर शो 'देवों के देव... महादेव' में भगवान शिव का किरदार निभाकर जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी। उनकी एक्टिंग, डायलॉग्स और स्क्रीन प्रेजेंस ने इस किरदार को दर्शकों के बीच बेहद खास बना दिया था। यही वजह रही कि आज भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें 'महादेव' के नाम से पहचानते हैं। अगर रिपोर्ट्स सही साबित होती हैं तो लंबे समय बाद दर्शकों को एक बार फिर उन्हें भगवान शिव के रूप में देखने का मौका मिल सकता है।

## टीवी मसाला



# सोनू ने गाया था दूरदर्शन के पॉपुलर शो का गाना

**नई दिल्ली।** टीवी पर सिर्फ एक धुन बजती थी।.. और अगले ही पल पूरा घर चुप हो जाता था। बच्चों की बातें रुक जाती थीं, बड़े भी अपनी जगह छोड़ने का नाम नहीं लेते थे। जैसे-जैसे गाने की धुन आगे बढ़ती, वैसे-वैसे तिलिस्म और रोमांच से भरी एक नई दुनिया का दरवाजा खुलने लगता था। मजेदार बात ये है कि उस धुन को सुनकर करोड़ों लोगों ने बचपन बिताया, लेकिन उसकी आवाज के पीछे कौन था, ये राज आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरने से पहले एक मशहूर सिंगर ने दूरदर्शन के इस सुपरहिट शो को अपनी आवाज देकर हमेशा के लिए यादगार बना दिया। ये शो था 'चंद्रकांता', जिसने 90s में दूरदर्शन पर आते ही दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया था। शो की कहानी जितनी दिलचस्प थी, उसका टाइटल सॉन्ग भी उतना ही खास था। बहुत कम लोग जानते हैं कि इस यादगार टाइटल ट्रैक को सोनू निगम ने अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज ने शो के रहस्यमयी माहौल को ऐसा रंग दिया कि पहली धुन बजते ही लोग टीवी के सामने टिक जाते थे। तिलिस्म, ऐयारी, प्यार और सस्पेंस से भरी चंद्रकांता की दुनिया हर हफ्ते दर्शकों को नई रोमांचक यात्रा पर ले जाती थी। लेकिन शो का टाइटल सॉन्ग भी इसकी सबसे बड़ी पहचान बन गया. उस दौर में ना सोशल मीडिया था और ना ही यूट्यूब, फिर भी लोग इसकी धुन गुनगुनाते थे। यही वजह है कि आज भी ये गाना सुनते ही 90s की ढेर सारी यादें ताजा हो जाती हैं।

## आकांक्षा के कारण असहज हो जाते हैं धीरज

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर धीरज धूपर ने रियलिटी शो "लॉक अपः सच या सजा" में अपनी को-कंटेस्टेंट आकांक्षा चमोला को 'रेड फ्लैग' कहा है, क्योंकि उनके व्यवहार से धीरज को असहज महसूस होता है। शो के आने वाले 'जजमेंट डे'



एपिसोड में एक्टर अर्जुन कपूर धीरज से पूछेंगे कि वह आकांक्षा को क्या टैग देना चाहेंगे। आकांक्षा ने पहले खुलकर खुद को 'बाइसेक्सुअल' बताया था और बाद में शो के दौरान खुद को 'एसेक्सुअल' कहा। धीरज ने उन्हें रेड फ्लैग का टैग दिया और इसकी वजह भी बताई। उन्होंने कहा, रेड फ्लैग, जिस तरह से वह व्यवहार करती हैं, उससे मैं असहज हो जाता हूं। उन्होंने पामेला सेरेना के साथ आकांक्षा की करीबी बॉन्डिंग की ओर भी इशारा किया. धीरज की बात सुनकर आकांक्षा नाराज हो गईं और कहा- ऐसा लग रहा है जैसे मैं आपको शारीरिक रूप से असहज कर रही हूं। नेटफ्लिक्स के इस शो में आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर और वरुण यादव (उर्फ लैला) जैसे मशहूर नाम शामिल हैं।

# 7 महीने की प्रेग्नेंसी में किया ताबड़तोड़ एक्शन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण पर्दे पर कई तरह के रोल कर चुकी हैं। उन्होंने रोमांटिक हीरोन से लेकर एक्शन हीरोइन तक माना जाता है। दीपिका पादुकोण इन दिनों प्रेग्नेंट हैं। लेकिन, इस दौरान भी दिग्गज एक्ट्रेस का जज्बा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दीपिका पादुकोण अपनी तीसरी तिमाही में भी रुके बिना काम कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका अपनी आने वाली फिल्म राका की शूटिंग लगातार चला रही हैं। आठ घंटे की तय शिफ्ट और वर्क-लाइफ बैलेंस की वकालत के बावजूद वे फिल्म को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।सात महीने की प्रेग्नेंसी में दीपिका नाइट शिफ्ट्स कर रही हैं और बेहद चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं। मैटरनिटी लीव से पहले वे इस प्रोजेक्ट को पूरा करने पर पूरा ध्यान दे रही हैं। फिल्म की टीम दीपिका के प्रोफेशनलिज्म से काफी प्रभावित है। टीम के एक सदस्य ने कहा, "दीपिका ने मैटरनिटी ब्रेक से पहले फिल्म पूरी करने का फैसला कर लिया था। कुछ एक्शन सीक्वेंस बेहद मुश्किल और थकाऊ थे, लेकिन उन्होंने हर चुनौती को पार कर लिया. सेट पर उनका यह जुनून सबके लिए प्रेरणादायक है। साथ ही घर पर उनकी डेढ़ साल की बेटी को भी वे पूरा समय और प्यार दे रही हैं।" राका एटली की महत्वाकांक्षी साइंस-फिक्शन फैंटेसी एक्शन फिल्म है, जिसमें अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में हैं। बड़े बजट वाली इस पैन-इंडिया फिल्म में शानदार विजुअल इफेक्ट्स और दमदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे.

# बंटवारा 1947 से पहले रिलीज हो रही हैं सनी की ये 3 फिल्में

**मुंबई।** सनी देओल अगले महीने फिर से पर्दे पर नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। लेकिन, उससे पहले सनी देओल की लगातार तीन हफ्ते में तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सनी देओल बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं। आने वाले 20 दिन के अंदर सनी देओल ने तीन बड़ी हिट फिल्में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं।




### कौन-कौन सी फिल्में होंगी रिलीज


दरअसल, पीवीआर इनॉक्स सनी देओल और राजकुमार संतोषी की शानदार विरासत का जश्न मना रहा है। इसके लिए वे 90 के दशक की तीन यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्मों को फिर से रिलीज कर रहे हैं। इस रेट्रोस्पेक्टिव की शुरुआत 24 जुलाई को दामिनी से होगी, इसके बाद 31 जुलाई को घातक और 7 अगस्त को घायल को सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। यह दर्शकों को 14 अगस्त को 'बंटवारा 1947' की रिलीज से पहले बड़े पर्दे पर इन क्लासिक फिल्मों का अनुभव करने का मौका देता है। यह पहल भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्ममेकर-एक्टर जोड़ी को सम्मान देती है और साथ ही पुराने फैंस और नई पीढ़ी के दर्शकों को इन यादगार फिल्मों को एक बार फिर थिएटर में देखने के लिए आमंत्रित करती है। बात करें फिल्म 'दामिनी' की तो यह फिल्म पहली बार साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बड़े पर्दे पर खूब पसंद किया गया था। 'दामिनी' में सनी देओल के साथ ऋषि कपूर,मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फिल्म घातक में साल 1996 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। 'घायल' की सनी देओल के कॅरियर की कल्ट फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1990 में रिलीज हुई थी। इन सभी फिल्मों में सनी देओल के साथ मीनाक्षी शेषाद्री मुख्य भूमिका में थीं।

## पर्दे पर शायर बनते-बनते रह गए, लीना के साथ आने वाले थे नजर

# 57 साल पहले डिब्बा बंद हुई थी अमिताभ की फिल्म

एजेंस ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन को आज के समय में हिंदी सिनेमा का महानायक माना जाता है। पिछले 6 दशकों से ज्यादा लंबे करियर में अमिताभ ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। ज्यादा बातें उनकी हिट फिल्मों की जाती है, लेकिन आज चर्चा बिग बी की उस फिल्म के बारे में होगी, जिसमें अमिताभ बच्चन एक शायर की भूमिका निभाने वाले थे। ये एक बायोपिक मूवी थी और इसकी शूटिंग भी शुरू हो गई थी। लेकिन. फिर बाद में जाकर ये डिब्बा बंद हो गई। आइए जानते हैं कि अमिताभ बच्चन की 57 साल पुरानी वह फिल्म कौन सी थी।



### मिर्जा गालिब पर बनी हैं ये फिल्म

अमिताभ बच्चन बेशक पर्दे पर शायर मिर्जा गालिब की भूमिका नहीं निभा पाए। लेकिन, इस शायर की जिंदगी पर बनी सबसे मशहूर फिल्म मिर्जा गालिब (1954) में दिग्गज अभिनेता रहे भरत भूषण ने मुख्य भूमिका निभाकर वाहवाही लूटी थी।

### कुछ दिनों की शूटिंग के बाद बंद हो गई

फिल्म की कास्ट के स्क्रीन टेस्ट भी हो गए थे, जिसमें अमिताभ ने सभी को प्रभावित किया। इसी वजह से सवान कुमार ने मिर्जा गालिब के शुरुआती सीन्स को भी फिल्मा लिया था। लेकिन, कुछ दिनों की शूटिंग के बाद मिर्जा गालिब बंद हो गई। आईएमडीबी की रिपोर्ट में ये दावा किया जाता है कि इस मूवी के निर्माताओं का अमिताभ बच्चन की आवाज और दुबले-पतले शरीर को लेकर स्क्रीन प्रजेंस पर संदेह होने लगा। उन्होंने मिर्जा गालिब पर पैसा लगाने से मना कर दिया और सावन कुमार टांक की मूवी से हाथ पीछे खींच लिए। इस तरह से अमिताभ बच्चन और लीना चंदावरकर की मिर्जा गालिब ठंडे बस्ते में चली गई और फिर कभी रिलीज नहीं हो पाई।

### सावन कुमार ने बनाई थी फिल्म बनाने की योजना

साल 1969 में आई निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी से अमिताभ बच्चन ने बतौर अभिनेता हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इससे पहले एक और ऐसी फिल्म बन रही थी, जिससे बिग बी का डेब्यू हो सकता था। इसी साल निर्देशक सावन कुमार टांक ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई थी, जिसका नाम था- मिर्जा गालिब। जी हां, मशहूर शायर रहे मिर्जा गालिब की बायोपिक में अमिताभ बच्चन को लीड एक्टर के तौर पर चुना गया। उनके साथ इस मूवी में अभिनेत्री लीना चंदावरकर को कास्ट किया गया था। सब कुछ सही चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### रीता सरकार को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**अम्बिकापुर।** श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक रीता सरकार को संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की है। उन्होंने राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र शोध केंद्र से प्रो.जेसिन्ता मिंज के मार्गदर्शन में पॉलोटेक्निक कल्चर एमंग पंडो-ए स्टडी विथ रिफरेंस टू सरगुजा डिस्ट्रिक्ट विषय पर शोध कार्य किया है।

### मैनपाट से रायपुर के लिए यात्री बस का संचालन प्रारंभ, लोगों को मिलेगा लाभ



**मैनपाट।** क्षेत्र के लोगों द्वारा लंबे समय से रायपुर तक की बस संचालन की मांग पर गत दिनों मैनपाट से रायपुर तक के लिए बस सेवा प्रारंभ हुआ। यात्री बस के शुरू हो जाने से क्षेत्र के लोग काफी खुश है। मैनपाट से रायपुर के लिए यात्री बस की शुरुआत 15 जुलाई से शुरू हो गया। यह बस मैनपाट से सीतापुर, पत्थलगांव, लैलूंगा, घरघोड़ा, रायगढ़ से होते हुए बिलासपुर एवं रायपुर तक जाएगी। मैनपाट से रायगढ़ की ओर जाने वाले यात्रियों को इसका फायदा मिलेगा। लम्बे समय से क्षेत्र के लोग रायगढ़ की ओर जाने वाली बस सेवा की मांग कर रहे थे। दो यात्री बसों के संचालन शुरू होने से यात्रियों को काफी सुविधा होगी।

### आरटीई के तहत निजी स्कूलों में मिलेगा प्रवेश

**बैकुण्ठपुर।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी विद्यालयों में कक्षा पहली की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु तृतीय एवं अंतिम चरण की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार विस्तृत समय-सारणी जारी की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी, कोरिया ने बताया कि निजी विद्यालयों में आरटीई की रिक्त सीटों पर अधिक से अधिक पात्र बच्चों को प्रवेश दिलाने के उद्देश्य से यह अंतिम चरण संचालित किया जा रहा है। अभिभावकों से निर्धारित तिथियों के भीतर आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने तथा आवश्यकता होने पर पूर्व आवेदन में संशोधन करने की अपील की गई है।

**यह रहे महत्वपूर्ण चरण-** 21 जुलाई 2026 तक जिला स्तर पर विद्यालयवार आरटीई की रिक्त सीटों का प्रकाशन, 22 जुलाई से 5 अगस्त तक पात्र अभिभावकों द्वारा आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं पूर्व आवेदनों में संशोधन। 25 जुलाई से 7 अगस्त तक नोडल प्राचार्यों द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण, सत्यापन तथा पात्र एवं अपात्र आवेदनों की पोर्टल पर प्रविष्टि। 10 अगस्त से 14 अगस्त तक ऑनलाइन लॉटरी/काउंसलिंग के माध्यम से चयनित बच्चों की सूची (आवंटन) जारी की जाएगी। 17 अगस्त से 25 अगस्त तक चयनित बच्चों का संबंधित निजी विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा और 20 अगस्त से 27 अगस्त 2026 तक नोडल प्राचार्यों द्वारा प्रवेशित बच्चों की अंतिम प्रविष्टि आरटीई पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी पात्र अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा का पालन करते हुए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि उनके बच्चों को आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश का लाभ मिल सके।

### शाला प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों का किया गया स्वागत, दी गई पुस्तकें

अम्बिकापुर। शासकीय उच्चतर माध्यामिक विद्यालय, खलीबा में जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, जपं के सभापति विजय व्यापारी के आतिथ्य एवं प्राचार्य श्रीमती मीना पुरोहित की अध्यक्षता में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक-चंदन एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तके वितरित की गई।

## ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी, जान जोखिम में डाल करते है नाला पार

# पानी के तेज बहाव से बहा कोदो मुमनी रपटा पुलिया, ब्लॉक मुख्यालय से टूटा संपर्क



बहा रपटा पुलिया।



नाला पार करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ग्राम पंचायत उफिया के आश्रित ग्राम माकड़ स्थित कोदो मुमनी नाला पर बने रपटा पुलिया पानी के तेज बहाव में बह गया जिससे ग्राम पंचायत के करीब 5 सौ ग्रामीणों का मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट गया है। राजपुर से जिगड़ी-माकड़ को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित कोदो कुमनी नाला पिछले तीन दिनों से पानी के तेज बहाव के साथ उफान पर है। नाले पर रपटा पुल बह जाने से ग्रामीणों काफी परेशान है। आलम यह है कि रपटा पुल के बह जाने से ग्रामीण जान जोखिम में डाल उफान पर बह रहे नाला को पार करने को मजबूर है।

**खास बात**
■ कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

ग्रामीणों के अनुसार माकड़ गांव राजपुर मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित है। हर वर्ष बरसात में इस नाले का जलस्तर बढ़ने से आवागमन प्रभावित होता है, लेकिन इस बार निर्माणाधीन पुल के कारण बनी अस्थायी रपटा पुलिया भी बह गई है। इससे बैंक, अस्पताल, तहसील, बाजार और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए गांव का सीधा संपर्क पूरी तरह समाप्त हो गया है। गौरतलब है कि जिगड़ी-माकड़ पहुंच मार्ग पर कोदो कुमनी नाला पर 80 मीटर लंबे उच्चस्तरीय पुल 539.81 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति 25 जुलाई 2025 को मिली थी। निर्माण कार्य का आदेश 2 मार्च 2026 को दिया गया, जबकि कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 जनवरी 2027 निर्धारित है। यह कार्य लोक निर्माण विभाग, सेतु संभाग अंबिकापुर के अधीन कराया जा रहा है। गांव के लोगों ने बताया कि बरसात के दिनों में मुख्यालय जाने का एकमात्र रास्ता यही नाला है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला उफान पर है ऐसे में नाला के पानी में उतरने से पहले डंडे से नीचे गड्ढे और पत्थरों का अंदाजा लगाना पड़ता है। कमर तक पानी में जान जोखिम में डालकर नाला पार करना मजबूरी बन गई है।

### मरीजों की बढ़ी परेशानी

भाजपा मंडल महामंत्री संतोष तिवारी ने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह मौके पर पहुंचने पर पाया कि आवागमन का कोई सुरक्षित रास्ता नहीं था और अप्रोच मार्ग पूरी तरह बह चुका है। ऐसे में गांव के एक बीमार मरीज को लेने राजपुर से एंबुलेंस पहुंची थी, लेकिन रास्ता बंद होने के कारण उसे वापस लौटना पड़ा। इस संबंध में सेतु विभाग के इंजीनियर से चर्चा करने पर जल्द मरम्मत कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन देर शाम तक कोई कार्य नहीं हुआ। उन्होंने विभाग से तत्काल सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था और पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है।

### बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरनाक

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले तिन दिनो से माकड़ स्थित कोदो मुमनी नाला उफान पर है। नाला में पानी के तेज बहाव से रपटा पुलिया पूरी तरह बह गई। ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए एकमात्र मार्ग होने के कारण गांव के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नाला में पानी लगभग तीन से चार फीट बह रहा है ऐसे में नाला पार करना जान जोखिम में डालने के बराबर है। स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूध, सब्जी, स्कूल, अस्पताल और दवाइयां लाने के लिए ग्रामीणों को बाइक कंधे पर उठाकर नाला पार करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुल निर्माण की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने के बावजूद विभाग और ठेकेदार ने निर्माण अवधि में सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था नहीं की। यदि अस्थायी मार्ग या मजबूत डायवर्जन बनाया जाता तो गांव का संपर्क नहीं टूटता।

### जानकारी मंगाती हूं

ग्राम पंचायत उफिया के आश्रित ग्राम माकड़ स्थित कोदो मुमनी नाला पर बने रपटा पुलिया के बह जाने की जानकारी नहीं है। किस विभाग से उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण कार्य चल रहा है और वस्तु स्थिति क्या है इस संबंध में किसी को भेज कर जानकारी मंगाती हूं।

-श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी
कलेक्टर बलरामपुर



## पीडीएस चावल की अफरा तफरी मामले में अरुण ट्रेडर्स सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के खरसिया नाका स्थित अरुण ट्रेडर्स में पीडीएस के चावल की अफरा तरफी का मामला सामने आया है। खाद्य एवं राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दुकान में छापा मारा जहां एक ट्रक से पीडीएस चावल की अफरा तफरी की जा रही थी। इस दौरान दुकान संचालक ने ना सिर्फ कार्रवाई का विरोध किया बल्कि मौका मिलते ही फरार हो गया। फिलहाल अधिकारियों ने दुकान को सील कर दिया है। बता दें कि जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि खरसिया नाका स्थित अरुण ट्रेडर्स में बड़े पैमाने पर पीडीएस के चावल की खरीद बिक्री की जाती है। शासकीय चावल के हेराफरी की सूचना मिलने के बाद खाद्य एवं राजस्व विभाग की टीम ने दुकान में छापा मारा था। इस दौरान दुकान संचालक अरुण बंसल ने कार्रवाई का विरोध करते हुए गोदाम में ताला लगा दिया और अधिकारियों के सामने से ही फरार हो गया। इस दौरान संयुक्त टीम ने मौके पर एक ट्रक की जांच की तो उसमें 130 बोरी पीडीएस का चावल लोड था। टीम द्वारा फिलहाल दुकान को सील कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में भी अरुण ट्रेडर्स द्वारा पीडीएस चावल की खरीद बिक्री का मामला सामने आया था और उसमें कार्रवाई करते हुए अपराध दर्ज किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी संचालक द्वारा अवैध तरीके से चावल की खरीद बिक्री की जा रही है। अधिकारियों द्वारा जांच उपरान्त कड़ी कार्रवाई करने की बाद कही गई है।

■ खाद्य एवं राजस्व विभाग की टीम ने की कार्रवाई




## भाजपा प्रकोष्ठों के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा द्वारा मंगलवार को संकल्प भवन में सभी 19 प्रकोष्ठों के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों तथा कार्यसमिति सदस्यों को गमछा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुराग सिंहदेव ने कहा कि भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों में अपने-अपने क्षेत्र के अनुभवी और विशेषज्ञ लोगों का जुड़ना संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला संगठन है। केंद्र और राज्य सरकारों ने जनहित और राष्ट्रहित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जिनके सकारात्मक परिणाम आज देश और प्रदेश में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ विरोधी तत्व समाज में नकारात्मक नैरेटिव फैलाने का प्रयास कर रहे हैं जिसका तथ्यों और जनसेवा के माध्यम से प्रभावी जवाब देना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के सभी प्रकोष्ठ समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन की विचारधारा, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पार्टी की रीति-नीति को पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। अंबिकेश केशरी ने कहा कि सभी प्रकोष्ठ संगठन की शक्ति है।

उन्होंने पदाधिकारियों से संगठन विस्तार और जनसंपर्क को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अभिषेक शर्मा, आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मयंक जायसवाल ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने किया। इस दौरान संतोष दास, डीके पुरिया, मधु चौदाहा, नीरू मिस्त्री, निश्चल प्रताप सिंह, विद्यानंद मिश्रा, जन्मेजय मिश्रा, वैभव सिंहदेव, निलेश सिंह, अजय प्रताप सिंह, रूपेश दुबे, मनोज सोनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेमरसोत के समीप ट्रक के पीछे टकराई बस, आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल




**बलरामपुर।** गुरुवार की रात नेशनल हाईवे सेमरसोत के समीप दो ट्रक के आमने सामने भिड़ंत हो जाने से पीछे से आ रही बस ट्रक से टकरा गई। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार लगभग आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात एक ट्रक बलरामपुर से अंबिकापुर की ओर जा रहा था। ट्रक के पीदे यात्री बस भी रायपुर के लिए जा रही थी। जैसे ही दोनों वाहन सेमरसोत के पास पहुंचे तभी अंबिकापुर से बलरामपुर की और आ रहे एक ट्रक विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक को सामने से टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के पीछे आ रहे यात्री बस भी ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में बस में सवार लगभग आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। दुर्घटना में यात्री के अलावा ट्रक के चालक, परिचालक व बस के चालक के सिर में चोट लगी है। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि जिस जगह दुर्घटना हुई वह ब्लैक स्पॉट है लेकिन वहां पर दुर्घटना को रोकने के लिए किसी प्रकार के उपाय नहीं किए गए हैं। इसी जगह गत दिन भी दो कार के बीच टक्कर हो गई थी। लोगों का कहना है कि घटना स्थल पर आए दिन दुर्घटना होती है बावजूद सुरक्षा के उपाय नहीं किए है।

# वर्षों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग 15 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने वार्ड क्रमांक 3 फौजी गली में लंबे समय से खराब पड़े विद्युत ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग को लेकर सीएसपीडीसीएल के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर ट्रांसफार्मर नहीं हटाया गया तो मोहल्लेवासियों के साथ आंदोलन एवं विभागीय कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड क्रमांक 3 में एक निजी भवन के सामने लगभग एक वर्ष पूर्व दो खंभों के बीच ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया था। ट्रांसफार्मर शुरू से ही खराब पड़ा है और इससे किसी भी उपभोक्ता को बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। इसके बावजूद विभाग द्वारा इसे हटाने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई। उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने कहा कि इस संबंध में क्षेत्र के सहायक अभियंता से कई बार मौखिक अनुरोध किया गया। विभागीय अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान ट्रांसफार्मर का स्थान अनुचित होना स्वीकार करते हुए उसे हटाने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है।



### अधिकारियों के मार्गदर्शन पर की जाएगी शिफ्टिंग कार्रवाई

उपभोक्ता के द्वारा दिखाई गई जमीन पर ही ट्रांसफार्मर की स्थापना की जाती है, इस मामले में विभागीय उच्च अधिकारियो से मार्गदर्शन लेकर शिफ्टिंग की कार्यवाही की जाएगी।

-प्रतीक बारा, सहायक अभियंता, विद्युत विभाग

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि खराब ट्रांसफार्मर के नीचे विभागीय कर्मचारी अक्सर बिजली सामग्री रख देते हैं, जिससे गली में गंदगी फैलती है और लोगों को आवागमन में भी परेशानी होती है।

### नियम विरुद्ध तरीके से स्थापित किया गया ट्रांसफार्मर

बताया गया कि मेन मार्केट स्थित एक कपड़ा शोरूम संचालक के द्वारा विद्युत विभाग से गैर घरेलु यानि व्यवसायिक उपयोग के लिए ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की लेकिन अधिकारीयों की मिलीभगत से इसे मुख्य मार्ग स्थित कपड़ा शोरूम प्रांगण में स्थापित न करवाकर फ़ौजी गली स्थित अपने प्लॉट के सामने वाले मार्ग पर स्थापित करवा दिया जबकि नियमानुसार व्यवसायिक उपयोग के लिए ट्रांसफार्मर की स्थापना उसी प्रांगण में संचालित होनी है जहाँ पर व्यवसाय का संचालन होता है, ऐसे में फ़ौजी गली स्थित मार्ग का रास्ता सकरा हो गया, जिससे आये दिन रास्ते में जाम की स्थिति बनती है, साथ ही वार्ड वासियों के लिए उक्त कोने की जगह कचरा डंपिंग जोन बनकर रह गई है,उक्त ट्रांसफार्मर स्थापित होने के कुछ समय बाद ख़राबी आ जाने से उक्त लाइन कनेक्शन हटाकर दूसरे ट्रांसफार्मर से कनेक्शन कपड़ा शोरूम संचालक को दे दिया गया है, जिसके बाद वार्ड क्रमांक 3 में स्थापित ख़राब ट्रांसफार्मर मात्र शो पीस बनकर रह गया है।वहीं दूसरे ट्रांसफार्मर में पड़ रहे अतिरिक्त लोड से आये दिन केबल शॉट की शिकायतें हो रही हैं जिससे वार्डवासी काफी परेशान हैं।वार्ड के दो लोगों ने सीएम हेल्पलाइन नंबर पर भी ट्रांसफार्मर हटाने की मांग कर शिकायत पंजीयन कराया है।

## शिक्षकों ने की परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने से पूर्व स्थायीकरण प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**डांड़गांव।** विकासखंड उदयपुर में पदस्थ लगभग 45 नवनियुक्त शिक्षकों ने सितंबर में पूर्ण होने वाली तीन वर्षीय परिवीक्षा अवधि को देखते हुए स्थायीकरण की प्रशासनिक प्रक्रिया समय रहते प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी मृत्युंजय पांडे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नवनियुक्त शिक्षकों ने बताया है कि परिवीक्षा अवधि समाप्त होने से पूर्व ही विभागीय मूल्यांकन, गोपनीय प्रतिवेदन सेवा सत्यापन एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं प्रारंभ कर दी जाएं, ताकि परिवीक्षा अवधि पूर्ण होते ही नियमानुसार स्थायीकरण आदेश जारी किए जा सकें और अनावश्यक प्रशासनिक विलम्ब से बचा जा सके। शिक्षकों का कहना है कि समय पर प्रक्रिया प्रारंभ होने से न केवल विभागीय कार्य में सुगमता आएगी, बल्कि पात्र शिक्षकों को नियमानुसार स्थायीकरण का लाभ भी समय पर मिल सकेगा।




### नाम परिवर्तन

यह सूचित किया जाता है कि मैं सैयद सैफुल्लाह कादरी पिता सैयद हबीबुल्लाह कादरी निवासी 351, संतोषी नगर ग्राम- कांसाबेल, तहसील - बगीचा, जिला- जशपुर (छ.ग.) 496223 मैंने अपना पुराना नाम सैयद सिफुल्ला कादरी पिता सैयद हबीबुल्लाह कादरी बदल लिया है, इसलिए भविष्य में मुझे मेरे नए नाम सैयद सैफुल्लाह कादरी पिता सैयद हबीबुल्लाह कादरी के रुप में सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों में पहचाना जाए।

सैयद सैफुल्लाह कादरी
पिता सैयद हबीबुल्लाह कादरी
351 संतोषी नगर, ग्राम
कांसाबेल, तहसील बगीचा
जिला- जशपुर (छ.ग)
496223

## प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए की गई मॉकड्रिल

**बिश्रामपुर।** संभावित प्राकृतिक आपदाओं के दौरान त्वरित एवं प्रभावी राहत बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम तेलईकछार केनापारा स्थित पर्यटन स्थल के पोखरी में बाढ़ बचाव एवं अग्निशमन दल द्वारा सूरजपुर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील की उपस्थिति में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा की स्थिति में किए जाने वाले राहत एवं बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास किया गया।

अभ्यास के दौरान आपदा प्रबंधन दल को एक व्यक्ति के पोखरी में डूबने की काल्पनिक सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही दल ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए मोटरबोट, गोताखोरों एवं आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ घटनास्थल पहुंचकर राहत अभियान प्रारंभ किया। निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने डूब रहे व्यक्ति का सुरक्षित रेस्क्यू किया। इस दौरान दल द्वारा आपदा प्रबंधन में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों के संचालन एवं उनकी उपयोगिता की भी जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के दौरान उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि आपदा की स्थिति में घर में उपलब्ध सामान्य संसाधनों का उपयोग कर किस प्रकार प्रारंभिक स्तर पर स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा की जा सकती है। साथ ही आपदा के समय सतर्कता, संयम और सही निर्णय के महत्व से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि आपदा के समय नागरिकों की सावधानी ही उनकी सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें। उन्होंने बताया कि जिले में संभावित बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से निपटने के लिए बाढ़ बचाव दल की तैनाती की गई है तथा नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है।








## खबर संक्षेप

### बरसात में बढ़ता है सर्पदंश का खतरा

**रायगढ़।** जिले में सर्पदंश से बचाव एवं जागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को सर्पदंश से बचाव और समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बरसात के मौसम में खेत, खलिहान, बाड़ी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सांपों के निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे सर्पदंश के मामलों में भी वृद्धि होती है। स्वास्थ्य विभाग के लगातार प्रयासों और ग्राम स्तर पर चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों का सकारात्मक असर अब दिखाई देने लगा है। लोगों में अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता बढ़ी है और अब सर्पदंश होने पर झाड़.फूंकए बेगा गुनिया या घरेलू उपचार के बजाय सीधे अस्पताल पहुंचने की प्रवृत्ति बढ़ी है।

### कलेक्टर ने घर-घर की हर घर जल की पड़ताल

**सारंगढ़।** बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम शीतलपुर में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जल जीवन मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए जा रहे कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गांव में घर-घर पहुंचकर योजनाओं की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं की प्रगति और लाभ की जानकारी ली। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कलेक्टर ने स्वयं विभिन्न घरों में जाकर नल चालू कर पेयजल आपूर्ति की जांच की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सभी घरों में नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है, जिससे उनकी दैनिक जरूरतें आसानी से पूरी हो रही हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कुछ स्थानों पर नल कनेक्शन में आवश्यक तकनीकी सुधार करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। ग्राम शीतलपुर में जल जीवन मिशन के सफल संचालन पर जल अर्पण प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

### नगर निगम ने किया सामान जब्त, जुर्माना वसूला

# सड़क पर कब्जा करने वालों पर निगम की सख्ती, 14 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर पालिक निगम रायगढ़ द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय की उपस्थिति में निगम की टीम ने श्याम टॉकीज, सुभाष चौक, गांधी पुतला रोड तथा संजय मार्केट क्षेत्र में सघन रूप से अतिक्रमण पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान सार्वजनिक सड़क एवं फुटपाथ पर व्यवसाय का सामान फैलाकर अतिक्रमण करने वाले कुल 14 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सड़क पर रखा प्लास्टिक, साउंड बॉक्स, टेबल, साइकिल, कैरेट सहित अन्य सामान जब्त किया गया। साथ ही संबंधित दुकानदारों पर कुल 22,200 रुपए का अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया।

कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने पाया कि कई दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा से बाहर निकालकर सड़क एवं फुटपाथ पर रखा गया था, जिससे आम नागरिकों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निगम की टीम ने तत्काल मौके पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया तथा सार्वजनिक मार्ग पर रखे सामान को जब्त कर लिया। निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि सार्वजनिक सड़क, फुटपाथ एवं चौक-चौराहों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण शहर की यातायात व्यवस्था, सौंदर्य और नागरिक सुविधाओं को प्रभावित करता है। नगर निगम नागरिकों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। उन्होंने व्यापारियों से अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर ही रखने तथा सार्वजनिक मार्ग एवं नाला पर अतिक्रमण नहीं करने की अपील की। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण करने वालों को पहले भी लगातार समझाइश दी जाती रही है, लेकिन नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध अब सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।



**सड़क, बाजार का अवलोकन**

निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री क्षत्रिय ने संजय मार्केट के सामने की सड़क एवं बाजार क्षेत्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने देखा कि कुछ दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सामान रखे जाने से आवागमन प्रभावित होने के साथ अव्यवस्था भी हो रहा है। इस पर उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि बाजार की सुव्यवस्था, स्वच्छता एवं यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए सभी व्यापारी अपनी दुकानों का सामान दुकान की निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें। सार्वजनिक सड़क एवं फुटपाथ पर सामान रखने से न केवल आम नागरिकों को असुविधा होती है, बल्कि दुर्घटनाओं और यातायात बाधित होने की स्थिति भी उत्पन्न होती है।

### आयुक्त ने संजय मार्केट का किया निरीक्षण

निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने शुक्रवार को शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र संजय मार्केट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आकांक्षी शौचालय का बारीकी से जायजा लेते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता, उपयोग की जा रही सामग्री तथा प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण करने वाले ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि शौचालय का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। इसे आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण, स्वच्छ, सुरक्षित एवं नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाया जा रहा है।

## रेशम विभाग में नकद भुगतान का खेल, मृतकों के नाम पर भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

रेशम विभाग में अब भी नगद भुगतान करने और मृत व्यक्तियों के नाम पर राशि जारी करने का मामला सामने आया है। आरटीआई के माध्यम से मिले दस्तावेजों से यह तथ्य उजागर हुआ है। साल 2025-26 में जिले के कोटरापाली, सुकुलभठली सहित अन्य रेशम केंद्रों में बड़े पैमाने पर अनियमित भुगतान किया गया।

सुकुलभठली केंद्र छग रेशम परियोजना सुकुलभठली के टसर कोसा फल उत्पादन के भुगतान पत्रक वर्ष 2025-26 के अनुसार तडोला और सुकुलभठली के 6 हितग्राहियों कृष्ण कुमार, दुलारी, उत्तम, करण, विदेशी और हेतराम के आश्रित 290 सदस्यों को 13450 कोसा फल के बदले 36 हजार 240 का भुगतान दर्शाया गया है। आश्चर्यजनक रूप से इस भुगतान पत्रक में यह उल्लेख नहीं है कि राशि ऑनलाइन दी गई, चेक से दी गई या नगद। साथ ही यह भी स्पष्ट नहीं है कि भुगतान किस शासकीय चेक के माध्यम से हुआ। इसी कड़ी में इन्हीं सदस्यों को दोबारा 1 लाख 35 हजार 4 नगद भुगतान किया गया है। इस पत्रक में न तो भुगतान की तारीख अंकित है और न ही राशि प्राप्तकर्ताओं के हस्ताक्षर। कोटरापाली केंद्र में भी 5 महिलाओं के नाम पर 1 लाख 16 हजार 464 जारी किए गए हैं। इनमें से लगभग 80 हजार 3 महिलाओं को नगद दिए गए हैं।



### सब हो गया डिजिटल रेशम विभाग पीछे

वर्तमान कैशलेस युग में बिना तारीख, बिना हस्ताक्षर और नगद भुगतान का होना सीधे-सीधे शासकीय राशि के दुरुपयोग की ओर इशारा करता है। दस्तावेजों को देखने पर प्रथम दृष्टया ही अनियमितता स्पष्ट नजर आती है। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच हो। विभाग के उच्चाधिकारियों और शासन के शीर्षस्थ लोगों को संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया गांवों का दौरा, विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

नवपदस्थ जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी ने प्रभार ग्रहण करने के तुरंत बाद ही जिले के विकास कार्यों को गति देने के लिए क्षेत्र भ्रमण किया। उन्होंने मैदानी स्तर पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ संबंधित डीओ श्रीमती संजू पटेल, एपीईओ शशिकांत गुप्ता, जनपद सीईओ राधेश्याम नायक, युवराज पटेल पीओ, स्थानीय सरपंच और सचिव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सीईओ ने प्रसिद्ध नाथलदाई परिसर का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने इस धार्मिक व सामाजिक स्थल को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए एक विशेष सौंदर्यीकरण प्लानिंग तैयार कर जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत गुड़ेली पौधरोपण एवं खनिज कार्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए चल रहे पौधरोपण कार्यों का जायजा लिया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में संचालित गौण खनिज के कार्यों का भी भौतिक निरीक्षण कर नियमों के तहत कार्य करने की हिदायत दी। ग्रामीण आजीविका पार्क क्षेत्र का भ्रमण कर सीईओ ने इसकी वर्तमान उपयोगिता और गतिविधियों को देखा।



